लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि कर्नाटक विधानपरिषद उपाध्यक्ष श्री एस एल धर्मगौड़ा के निधन की उच्च स्तरीय-निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

नई दिल्ली, 30 दिसंबर 2020: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा है कि कर्नाटक विधानपरिषद उपाध्यक्ष श्री एसएल धर्मगौड़ा के निधन की उच्च स्तरीय-निष्पक्ष जांच आवश्यक है। इस विषय में उन्होंने कहा है कि :

“कर्नाटक विधानपरिषद उपाध्यक्ष श्री एसएल धर्मगौड़ा के निधन की दुखद खबर से व्यथित हूं। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। पीठासीन अधिकारी के रूप में उनके साथ सदन में हुआ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम लोकतंत्र की गरिमा पर कठोर आघात है। उनकी मृत्यु की उच्च स्तरीय-निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

संवैधानिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा और पीठासीन अधिकारियों की गरिमा व स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखना हम सबका दायित्व है।“